# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 14.8.24 | 14 | 3-7 |

### एचएयू देश में ओवरऑल कैटेगरी में टॉप, प्रदेश का एकमात्र विवि

# देश के कृषि विवि में तीसरे स्थान पर एचएयू

- कृषि शोध में एक साल में 10वें से सातवें स्थान पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। देशभर में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में हकृवि तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी साख बढाई है जबकि वर्ष 2023 में इस कैटेगरी में पांचवा स्थान प्राप्त किया था। इसी प्रकार कृषि शोध संस्थानों में 7वें स्थान पर छलांग लगाई है जबकि वर्ष 2023 में 10वें स्थान पर था। साथ ही ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विश्वविद्यालयों में एचएयू प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा राज्य तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा व किसानों की मेहनत का परिणाम है। प्रो. काम्बोज ने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने अपनी उपलब्धियों के कारण आज अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बनाई है।



प्रो. बी.आर. काम्बोज, कुलपति।

## इससे पहले भी कई उपलब्धियां हैं एचएयू के नाम

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से सर्वश्रेष्ठ ए प्लस ग्रेड दिया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार, सरदार पटेल सर्वश्रेष्ठ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पुरस्कार मिल चुके हैं। इसी प्रकार विश्वविद्यालय मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जारी अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ऑन इनोवेशन एंड एचीवमेंटस (एआरआईआईए) में कृषि विश्वविद्यालयों में देशभर में प्रथम स्थान हासिल कर चुका है। विश्वविद्यालय ने आईसीएआर रैंकिंग में तीसरा स्थान पाया था।

## इस आधार पर तय होती है रैंकिंग

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिंग के लिए शिक्षण संस्थानों को कई मापदंडों पर उनके प्रदर्शन के अनुसार अंतिम रूप दिया जाता है जिसमें सीखने और संसाधन, अनुसंधान और पेशेवर अभ्यास, आउटरीच और समावेशिता, स्नातक परिणाम और धारणा आदि शामिल हैं। यह रैंकिंग विषय डोमेन और संस्थान के प्रकार के आधार पर तैयार की जाती है।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 13.8.24 | 1 | 1-3 |

# कृषि विश्वविद्यालयों में हकृवि का तीसरा स्थान

- देश के कृषि शोध संस्थानों में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सातवें स्थान पर रहा
- ओवरआल कैटेगरी में देश के टाप विश्वविद्यालयों में हकृवि : प्रो. बीआर काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। हकृवि को देश के कृषि विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान हासिल हुआ है। पिछले वर्ष 2023 में इस कैटेगरी में विश्वविद्यालय को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार कृषि शोध संस्थानों में सातवें स्थान पर था जबकि वर्ष 2023 में 10वें स्थान पर था। साथ ही ओवरआल कैटेगरी में देश के टाप विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा राज्य व विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा व किसानों की मेहनत का परिणाम है।



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

## पहले भी कई उपलब्धियां हैं विश्वविद्यालय के नाम

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से सर्वश्रेष्ठ ए प्लस ग्रेड दिया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार, सरदार पटेल सर्वश्रेष्ठ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पुरस्कार मिल चुके हैं। इसी प्रकार विश्वविद्यालय मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जारी अटल रैंकिंग आफ इंस्टीट्यूशन्स आन इनोवेशन एंड एचीवमेंटस में कृषि विश्वविद्यालयों में देशभर में प्रथम स्थान पा चुका है।

## इस आधार पर तय होती है रैंकिंग

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिंग के लिए शिक्षण संस्थानों को कई मापदंडों पर उनके प्रदर्शन के अनुसार अंतिम रूप दिया जाता है। इसमें सीखने और संसाधन, अनुसंधान और पेशेवर अभ्यास, आउटरीच और समावेशिता, स्नातक परिणाम और धारणा आदि शामिल हैं। यह रैंकिंग विषय डोमेन और संस्थान के प्रकार के आधार पर तैयार की जाती है।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 14-8-24 | 5 | 1-2 |

# ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विवि में हरियाणा कृषि विवि प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा

## केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नैशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में हकृवि को मिला स्थान

हिसार, 13 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने देशभर में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी साख बढ़ाई है जबकि वर्ष 2023 में इस कैटेगरी में पांचवा स्थान प्राप्त किया था। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विश्वविद्यालयों में एचएयू प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा है। देश के कृषि विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार, कृषि शोध संस्थानों में 7वें स्थान पर छलांग लगाई है जबकि वर्ष 2023 में 10वें स्थान पर था। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व किसान बधाई के पात्र हैं। इस विश्वविद्यालय ने अपनी उपलब्धियों के कारण आज अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बनाई है। एचएयू को हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड की ओर से सर्वश्रेष्ठ ए प्लस ग्रेड दिया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार, सरदार पटेल सर्वश्रेष्ठ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पुरस्कार मिल चुके हैं। वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय को सरसों अनुसंधान एवं विकास कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्र अवार्ड, हकृवि के चारा व बाजरा अनुभाग को दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान केन्द्र अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 13.8.24 | 1 | 1-6 |

**एनआईआरएफ रैंकिंग** • ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विश्वविद्यालयों में एचएयू प्रदेश का एकमात्र सरकारी विवि रहा : प्रो. काम्बोज

# कृषि विश्वविद्यालयों में एचएयू की रैंकिंग बढ़ी, अब तीसरे स्थान पर

भास्कर न्यूज | हिसार

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क एनआईआरएफ में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में एचएयू ने तीसरा स्थान पाया है। वर्ष 2023 में 5वां स्थान पाया था। इसी प्रकार कृषि शोध संस्थानों में 7वें स्थान पर छलांग लगाई है जबकि वर्ष 2023 में 10वें स्थान पर था। ओवरऑल कैटेगरी में टॉप विश्वविद्यालयों में एचएयू प्रदेश का एकमात्र सरकारी विवि रहा। वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि यह उपलब्धि राज्य तथा विवि के शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मियों तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा व किसानों की मेहनत का परिणाम है।



प्रो. बीआर काम्बोज।

## एचएयू को नैब से ए प्लस ग्रेड भी है प्राप्त

एचएयू को हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से सर्वश्रेष्ठ ए प्लस ग्रेड दिया है। आईसीएआर द्वारा सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार, सरदार पटेल सर्वश्रेष्ठ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पुरस्कार मिल चुके हैं। इसी प्रकार विश्वविद्यालय मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जारी अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ऑन इनोवेशन एंड अचीवमेंट्स एआरआईआईए में कृषि विश्वविद्यालयों में देशभर में प्रथम स्थान हासिल कर चुका है। विवि ने आईसीएआर रैंकिंग में तीसरा स्थान पाया था।

## इस आधार पर तय होती है रैंकिंग

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिंग के लिए शिक्षण संस्थानों को कई मापदंडों पर उनके प्रदर्शन के अनुसार अंतिम रूप दिया जाता है जिसमें सीखने और संसाधन, अनुसंधान और पेशेवर अभ्यास, आउटरीच और समावेशिता, स्नातक परिणाम आदि शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 13.8.24 | 1 | 1-4 |

उपलब्धि

शिक्षा मंत्रालय ने एनआईआरएफ 'इंडिया रैंकिंग 2024' के 9वें संस्करण को किया जारी

## एनआईआरएफ की रैंकिंग में जीजेयू-एचएयू की बल्ले-बल्ले

### ओवरऑल श्रेणी में देश के टॉप विवि में शुमार एचएयू

हिसार। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने तीसरा स्थान पाया है।

कृषि शोध संस्थानों में 7वें स्थान व ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा राज्य तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारियों व विद्यार्थियों की प्रतिभा व किसानों की मेहनत का परिणाम है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिंग के लिए शिक्षण संस्थानों को कई मापदंडों पर उनके प्रदर्शन के अनुसार अंतिम रूप दिया जाता है जिसमें सीखने और संसाधन, अनुसंधान और पेशेवर अभ्यास, आउटरीच और समावेशिता, स्नातक परिणाम और धारणा शामिल हैं। संवाद



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 13.8.24 | 2 | 4-5 |

## टॉप विश्वविद्यालयों में हकृवि प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा : प्रो. काम्बोज

### देश के कृषि विश्वविद्यालयों में हकृवि तीसरे स्थान पर रहा

हिसार, 12 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। देशभर में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी साख बढाई है जबकि वर्ष 2023 में इस कैटेगरी में पांचवा स्थान प्राप्त किया था। इसी प्रकार कृषि शोध संस्थानों में 7वें स्थान पर छलांग लगाई है जबकि वर्ष 2023 में 10वें स्थान पर था । साथ ही ओवरऑल कैटेगरी में देश के टॉप विश्वविद्यालयों में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय रहा। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से सर्वश्रेष्ठ ए प्लस ग्रेड दिया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार, सरदार पटेल सर्वश्रेष्ठ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पुरस्कार मिल चुके हैं।